आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 28.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट के मुद्दे को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित।
- प्रदेश के सीमांत जिलों के गांवों में आई.टी.बी.पी के चिकित्सक स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।
- उत्तराखण्ड के सभी हिस्सों में आज दक्षिणी–पश्चिमी मानसून पहुंचा।
- **और....** प्रधानमंत्री रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**संसद– 1**

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट के मुद्दे को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा को आज दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य आसन के नजदीक आ गए। अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा, इस मुद्दे पर विचार के लिए एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, सदन को पूर्व नियोजित तरीके से नहीं चलने देना संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठा सकते हैं। नीट मुद्दे पर चर्चा की विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान किसी भी अन्य विषय पर चर्चा की अनुमति देने की परंपरा नहीं रही है। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर सदन की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उठाए जाने वाले किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

**संसद–2**

इससे पहले, जब आज सदन की बैठक शुरू हुई, तो अध्यक्ष ओम बिडला ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के स्थगन नोटिस को अस्वीकार कर दिया। विपक्ष ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और सदन में इस पर चर्चा की मांग की। श्री बिडला ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अन्य चर्चा की इजाजत नहीं दी जा सकती। इस बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे विद्यार्थियों को संदेश देना चाहते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं नीट मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब सदन दोबारा शुरू हुआ तो कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आम आदमी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर फिर से सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। हंगामे के बीच, सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, विपक्ष का इरादा सदन की कार्यवाही को बाधित करने का है। उत्तेजित सदस्यों के साथ, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मुद्दे पर विरोध करते हुए सभापति के आसन के पास आ गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने श्री खरगे के आचरण पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि विपक्ष के नेता आसन के पास आये।

**आश्वासन**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील है। श्री प्रधान ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार ळें

**एनटीए**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति उलहवअ वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी।

## मुलाकात

प्रदेश के सीमांत जिलों के गांवों में अब भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, आई.टी.बी.पी के चिकित्सक भी स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। राज्य सरकार और आई.टी.बी.पी के बीच इस पर सहमति बनी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से आज आईटीबीपी के महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने मुलाकात की। श्री गुंज्याल ने मुख्य सचिव को बॉर्डर आउटपोस्ट की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली के जिलाधिकारियों से जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अनुरोध किया।

## मौसम

उत्तराखण्ड के सभी हिस्सों में आज दक्षिणी पश्चिमी मानसून पहुंच गया है। इसके चलते आने वाले दिनों में राज्य में अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है। इस बीच, राज्य में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राज्य के अधिकतर हिस्सों में आमतौर पर बादल छाए रहे और हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि कहीं–कहीं दोपहर के समय धूप भी खिली रही।

## छुट्टियां रद्द

इधर, मानसूनकाल के सीजन के मद्देनज़र पिथौरागढ़ जिले में आपदा से संबंधित सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। साथ ही सभी को मुख्यालय ना छोड़ने और फोन को हर समय सुचारू अवस्था में रखने को कहा गया है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि मानसून काल के दौरान आपदा की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। भूस्खलन प्रभावित सड़कों पर मलबा हटाने की मशीन तैनात करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में भूस्खलन की दृष्टि से अनेक गांव अति संवेदनशील गांव है जिनके विस्थापन की कार्यवाही शासन स्तर पर चल रही है।

**हेलीपैड**

उत्तरकाशी जिले के जोशियाड़ा में हेलीपैड बनकर लगभग तैयार हो गया है। इस हेलीपैड को बनाने में करीब एक करोड़ रुपए की लागत आई है। इसके निर्माण से एयर एम्बुलेंस सेवा सहित अन्य गतिविधियों को तेजी मिलने की आशा है। अब तक मरीजों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर ले जाने के लिए मातली या चिन्यालीसौड़ तक सड़क मार्ग से ले जाना पड़ता है। इसके चलते जिला मुख्यालय पर हेलीपैड बनाने की मांग की जा रही थी। अब हेलीपैड के निर्माण से आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मिलने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

**फिटनेस जांच**

प्रदेश में अत्याधुनिक स्वचलित फिटनेस जांच केंद्र में वाहनों की अनुकूलता की जांच होगी। पहली अक्टूबर से प्रदेश के सभी वाहनों की फिटनेस जांच ऑटोमेटिक कराए जाने के केंद्र सरकार के आदेश के बाद उत्तराखंड परिवहन विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में वाहनों की जांच के लिए 12 ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्ट केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें से देहरादून, रुद्रपुर, हरिद्वार और हल्द्वानी में चार केंद्र शुरू हो चुके हैं जबकि सेलाकुई और रुड़की में ऑटोमेटेड सेंटर का निर्माण प्रगति पर है। संयुक्त परिवहन आयुक्त ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार की ओर से चार फिटनेस सेंटर तैयार किए जा रहे हैं। इसमें उत्तरकाशी, पौड़ी, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्ट सेंटर निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर से सभी भारी मालवाहनों, सवारी वाहनों से लेकर निजी वाहनों की फिटनेस जांच इन्ही ऑटोमेटेड सेंटर से कराई जाएगी।

**यातायात निदेशालय**

प्रदेश में ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों को लेकर यातायात निदेशालय जागरूकता अभियान चला रहा है। पिछले साल की तुलना में राज्य में इस वर्ष मई महीने तक सड़क हादसों की संख्या बढ़ी है। यातायात निदेशक मुख्तार मोहसिन ने बताया कि सभी कार्मिक, जनता को सड़क हादसों के प्रति जागरुक कर रहे हैं। इसके अलावा ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति से निपटने के लिए भी आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है।

**अनुमोदन**

रुद्रप्रयाग के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए इस वित्तीय वर्ष में बहत्तर लाख चालीस हजार रुपये का बजट अनुमोदित किया गया है। इस बार बजट में 10 लाख रुपये शोध गतिविधि के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की सलाहकार समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर गणेश सिंह खाती ने बजट अनुमोदित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बजट में वार्षिक अनुदान के तौर पर 20 लाख रुपये और दो लाख चालीस हजार रुपये तकनीकी सहायता के लिए आवंटित किए गए हैं।

**मद्महेश्वर यात्रा**

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा में इस बार रिकॉर्ड यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मद्महेश्वर यात्रा में डेढ महीने से भी कम समय में सात हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 20 मई से शुरू हुई द्वितीय केदार की यात्रा पर हर दिन औसतन डेढ हजार श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। इस बार यात्रियों की संख्या अधिक होने से गौंडार–बणतोली–मद्महेश्वर पैदल मार्ग पर नियमित आवाजाही बनी हुई है। यात्रा मार्ग पर स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।